कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

1. श्री नवीन कुमार गुर्जर एडवोकेट, ग्राम नारायणपुरा पोस्ट जागीर बांदीकुई तहसील बसवा जिला दौसा राज0

बनाम

1. लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा

अपील सं0 55/2019

<u>निर्णय</u> दिनांक : 01.1.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/ कोर्ट/ आरटीआई/2019/2943 दिनांक 17.12.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा द्वारा इस कार्यालय को सूचनार्थ प्रेषित उनके पत्रांक 1198 दिनांक 30.12.2019 द्वारा अवगत करवाया गया कि प्रभारी अधिकारी राजस्व शाखा कलेक्ट्रेट दौसा से पत्रांक आर18ए(6)2008/7538 दिनांक 23.12.2019 द्वारा सूचना प्राप्त होने पर आवेदक श्री नवीन कुमार गुर्जर एडवोकेट को सूचना उपलब्ध करवा दी है। चूँकि उक्त पत्र में अंकितानुसार आवेदक को लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा द्वारा सूचना प्रेषित की जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अखिल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा